राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## राजभवन में होलिका दहन, राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

जयपुर, 6 मार्च।राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में सोमवार को होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने होली पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए समरसता, प्रेम और बंधुत्व के भाव से यह त्यौहार मनाने की अपील की ।

-----